व्यवसायिक प्रबंधन में स्नातक
(बी. बी. ए.आर. आई. एल.)

सत्रीय कार्य
2026

जाँच सत्रीय कार्य की अवधि - 1st जनवरी 2026 से 30th दिसम्बर, 2026

षष्टम सत्र

प्रबंध अध्ययन विद्यापीठ
इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली –1100 68

वाणिज्य में स्नातक (बी. बी. ए. आर. आई. एल.)

चयन आधारित क्रेडिट प्रणाली

सत्रीय कार्य

2026

प्रिय छात्र/छात्राओं,

जैसा कि कार्यक्रम दर्शिका में स्पष्ट किया गया है, आपको प्रत्येक अवधि में एक अध्यापक जांच सत्रीय कार्य करना होगा ।

हम **BRL-115 & BCOS-184** सत्रीय कार्य भेज रहे हैं ।

अंतिम परीक्षा में सत्रीय कार्य के लिए 30% अंक निर्धारित हैं। सत्रांत परीक्षा में बैठने योग्य होने के लिए यह आवश्यक है कि समय सूची के अनुसार आप इस सत्रीय कार्य को पूरा करके भेज दें। सत्रीय कार्य को करने से पहले आपको चाहिए कि कार्यक्रम दर्शिका में दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें, जिसे आपके पास अलग से भेजा गया है।

1. वे छात्र जो जून 2026 के सत्रांत परीक्षा में उपस्थित हो रहे हैं, उन्हें 15 मार्च 2026 तक जमा करवाना होगा।
2. वे छात्र जो दिसम्बर 2026 की सत्रांत परीक्षा में उपस्थित हो रहे हैं। वे 15 अक्टूबर 2026 तक जमा करवायें।

आपको सभी पाठ्यक्रमों के सत्रीय कार्य को अपने अध्ययन केंद्र के समन्वयक को प्रस्तुत करना होगा।

अध्यापक जांच सत्रीय कार्य

पाठ्यक्रम का कोड	**:**	**बी. आर. एल. – 115**
पाठ्यक्रम का शीर्षक	**:**	**खुदरा व्यापर में आपूर्ति श्रृखला प्रबंधन**
सत्रीय कार्य का कोड	**:**	**बी. आर. एल. – 115/टी. एम. ए./2026**
खण्डों की संख्या	**:**	**सभी खण्ड**

अधिकतम अंक : 100

सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

क) **लघु प्रकार के प्रश्न**

1. खुदरा आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन को परिभाषित कीजिए। इसके प्राथमिक उद्देश्यों की व्याख्या करें और यह पारंपरिक थोक आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन से किस प्रकार भिन्न है? (10)

2. आपूर्ति श्रृंखला में 'बुलविप प्रभाव' (Bullwhip Effect) की व्याख्या कीजिए। सूचना साझाकरण(Information Sharing) और मांग का पूर्वानुमान(Demand Forecasting) किस प्रकार किसी खुदरा व्यवसाय में इसके प्रभाव को कम करने में सहायक होते हैं? (10)

3. विक्रेता चयन प्रक्रिया (Vendor Selection Process) की चर्चा कीजिए। एक दीर्घकालिक रणनीतिक भागीदार (Strategic Partner) बनाम एक लेन-देन वाले विक्रेता (Transactional Vendor) का चयन करते समय एक खुदरा प्रबंधक को किन मानदंडों को प्राथमिकता देनी चाहिए? (10)

4. आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन (SCM) में ब्लॉकचेन प्रोद्योगिकी की भूमिका का विश्लेषण कीजिए। यह वैश्विक खुदरा संचालन में पारदर्शिता (Transparency) और ट्रैसेबिलिटी (Traceability) को किस प्रकार बढ़ाती है? (10)

5. आउटसोर्सिंग में '3PL' और '4PL' की अवधारणा को स्पष्ट कीजिए। किन परिस्थितियों में एक खुदरा विक्रेता को 3PL मॉडल से 4PL मॉडल की ओर बढ़ना चाहिए? (10)

6. **निम्नलखित के बीच अंतर स्पष्ट कीजिए:** (10)

क) पुश-आधारित आपूर्ति श्रृंखला और पुल-आधारित आपूर्ति श्रृंखला(Push vs Pull Supply Chain)।
ख) क्रॉस-डॉकिंग और पारंपरिक वेयरहाउसिंग।
ग) जेआईटी (JIT - Just-in-Time) और लीन प्रबंधन (Lean Management)।
घ) डायरेक्ट स्टोर डिलीवरी (DSD) और डिस्ट्रीब्यूशन सेंटर (DC) डिलीवरी।

7. **निम्नलिखित पर संक्षेप में नोट लिखें:** (10)

क) खुदरा व्यवसाय में रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन (RFID)।
ख) ग्रीन लॉजिस्टिक्स और सततता (Sustainability)।
ग) इकोनॉमिक ऑर्डर क्वांटिटी (EOQ - आर्थिक आदेश मात्रा)।
घ) वेयरहाउस उत्पादकता के लिए मुख्य प्रदर्शन संकेतक (KPIs)।

(ख) निबंध प्रकार के प्रश्न

8. "ओमनीचैनल खुदरा व्यवसाय के लिए आपूर्ति श्रृंखला रणनीति में एक मूलभूत बदलाव की आवश्यकता है।" इस कथन का मूल्यांकन कीजिए। ऑफलाइन स्टोर को ऑनलाइन बिक्री प्लेटफॉर्म के साथ एकीकृत करते समय एक खुदरा विक्रेता को किन लोजिस्टिक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है? (15)

9. वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला जोखिमों (Global Supply Chain Risks) के प्रभाव का परीक्षण कीजिए। चर्चा करें कि एक खुदरा विक्रेता प्राकृतिक आपदाओं, व्यापार युद्धों या शिपिंग लेन की रुकावटों जैसे अप्रत्याशित व्यवधानों से निपटने के लिए एक "लचीली आपूर्ति श्रृंखला" (Resilient Supply Chain) कैसे बना सकता है? जोखिम न्यूनीकरण (Risk Mitigation) के लिए रणनीतियाँ प्रस्तुत करें। (15)